शैक्षणिक गतिविधियाँ :

गुरूकुल विद्यालय : भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करते हुए अंग्रेजी शिक्षा। इस विद्यालय के माध्यम से संस्था को सुचारू रूप में चलाने और आर्थिक पक्ष मजबूत होने से ग्रामिण विकास करने में आसानी होगी, साथ ही समाज को अच्छे नागरिक शिक्षा के माध्यम से देने का लक्ष्य।

अब तक 16 गुरूकुल विद्यालय चल रहे हैं।

बिहार में गया के बांकेबाजार में 4 महीने पूर्व स्पर्श ने अपनी शाखा खोली, साथ ही गुरूकुल विद्यालय का शुभारंभ हुआ।

विद्यालय में गतिविधियाँ

स्वास्थ्य–संबंधी गतिविधियाँ :

कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में संस्था ने कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। सरायकेला में जिला कुष्ठ समिति के साथ इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि 2001/02 में यहाँ प्रति एक हजार व्यक्ति में 10 व्यक्ति, कुष्ठ रोगी हुआ करते थे पर अब प्रति हजार में चार व्यक्ति ही कुष्ठ के मरीज पाए जाते है।

छऊ प्रदर्शन

स्पर्श ने सिर्फ कुष्ठ रोगियों के इलाज में ही अपना सहयोग नहीं दिया है बल्कि इसने उनके पुनर्वासन में सहयोग देते हुए कुष्ठ रोगियों के स्वरोजगार के लिए खरसावाँ प्रखंड के कदयडीहा में पूर्णोद्वार उड़ान संसाधन केन्द्र की स्थापना की।

समय–समय पर विमुक्त असहाय लोगों के लिए फाईल मेकिंग और प्रिटिंग प्रशिक्षिण कार्यशाला आयोजित की गई।

बीते वर्ष अहात एवं वृद्धजनों के लिए 1 दिवसीय मुफ्त चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक शिविर का आयोजन निर्माणाधीन ओल्ट एज होम कैंपस, साकची में वरिष्ठ चिकित्सक दल द्वारा किया गया। 10 मरीजों की जांच, दवा–वितरण, मनोवैज्ञानिक समस्याओं में उचित परामर्श दिया गया। उनमें से वैज्ञानिक समस्याओं में उचित परामर्श दिया गया। उनमें से 5 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पूर्ण सुविधा दी गई।

शिविर में चिकित्सा कार्य

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कम लागत में शौचालयों के निर्माण की कार्यशाला, उनके निर्माण की जिम्मेदारी कम लगात के शौचालय निर्माण सामग्री उत्पादन कैन्द्र टोंटो में स्थापना मील का पत्थर है।

पूर्ण स्वच्छता रैली

गरीबों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण समय – समय पर संस्था द्वारा।

मछड़दानी वितरण

पल्स पोलियों अभियान में सहयोग।

महिला सशक्तिकरण :

7 अगस्त, 2004 को डोमरडीहा गांव में 'गुरूकुल' में महिलाओं के लिए वस्त्र निर्माण तकनीकी प्रशिक्षण केंन्द्र का शुभारंभ।

स्वयं सहायता समूह

जून 2005 को विशेष प्रशिक्षण केन्द्र की शिक्षिकाओं का अंग्रेजी प्रशिक्षण शिविर आयोजित।

अप्रैल 2006 में 3 दिवसीयव्यावसायिक प्रशिक्षण सह कार्यशाला।

मई, 2006 कामकाजी महिलाओं का सात दिवसीय स्वास्थ्य योग शिविर। जिसमें रामदेव बाबा की शिष्या जूली गुप्ता ने ध्यान, योग, एक्येप्रेशर का बुनियादी प्रशिक्षण दिया।

मई, 2006 में 3 दिवसीय रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुरूकू, चिप्स, बड़ी, चावल के पापड़, शक्कर पारा, आचार और पैकिंग तकनीक सिखाई गई।

महिला दिवस :

पिछले छः वर्षों से 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है।

8 मार्च 2005 को चाईबासा में शहीद पार्क में रैली और सभा का आयोजन किया गया।